**1. कौनसा देश इस वर्ष अपनी पहली महिला अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष में भेजने के लिए तैयार है?**
**(1) सऊदी अरब** (2) दक्षिण कोरिया
(3) दक्षिण अफ्रीका (4) सूडान [1]

**2. किस देश ने 'ओघब 44' (ईगल 44) नाम से अपना पहला भूमिगत वायु सेना बेस का अनावरण किया है?**
(1) इंडोनेशिया (2) भारत
**(3) ईरान** (4) इराक [3]

**3. फरवरी 2023 में, कोयला मंत्रालय ने किस शहर में PM - गतिशक्ति पर पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया?**
**(1) भुवनेश्वर** (2) दुर्गापुर
(3) कोलकाता (4) रांची [1]

**4. देश के निम्नलिखित में से किस अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने राजस्थान में एमएसएमई (MSME) उद्यमियों के लिए अपना फ्लैगशिप बिजनेस मेंटरिंग प्रोग्राम 'एमएसएमई (MSME) प्रेरणा' लॉन्च किया है?**
(1) भारतीय स्टेट बैंक **(2) इंडियन बैंक**
(3) इंडियन ओवरसीज बैंक (4) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया [2]

**5. हाल ही में, .............. कमांड ने राजस्थान के थार रेगिस्तान में एकीकृत अग्नि शक्ति अभ्यास "शत्रुनाश" आयोजित किया।**
(1) पश्चिमी (2) केंद्रीय
(3) सेना प्रशिक्षण **(4) दक्षिण पश्चिमी** [4]

**6. किस देश में भारतीय उच्चायोग ने सुबर्णो जयंती - आईसीसीआर (ICCR) छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की?**
(1) श्रीलंका **(2) बांग्लादेश**
(3) भूटान (4) नेपाल [2]

**7. भारत में पहली बार किस राज्य / केंद्रशासित प्रदेश में लिथियम के भंडार की खोज की गई?**
(1) अरुणाचल प्रदेश (2) बिहार
**(3) जम्मू और कश्मीर** (4) कर्नाटक [3]

**8. निम्नलिखित में से कौनसा देश आईसीसी टी20 (ICC T20) महिला विश्व कप 2023 का मेजबान था?**
(1) इंग्लैंड **(2) दक्षिण अफ्रीका**
(3) ऑस्ट्रेलिया (4) भारत [2]

**9. 'एयरो इंडिया 2023 कार्यक्रम का 14वाँ संस्करण कहाँ आयोजित किया गया था?**
(1) दिल्ली (2) जयपुर
(3) गांधीनगर **(4) बेंगलुरु** [4]

**10. हाल ही में एचएएल (HAL) ने किस देश को पहला उन्नत हलका हेलीकॉप्टर मार्क III दिया है?**
(1) मॉल्डोवा (2) मेक्सिको
(3) मोरक्को **(4) मॉरिशियस** [4]

**11. ............... कानूनी सेवा प्राधिकरण ने पूरे केंद्रशासित प्रदेश में कैलेंडर वर्ष 2023 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया।**
(1) दिल्ली (2) तमिलनाडु
**(3) जम्मू और कश्मीर** (4) पुडुचेरी [3]

**12. हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को किस देश में लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान से सम्मानित किया गया?**
(1) यूक्रेन **(2) यूके**
(3) यूएसए (4) यूएई [2]

**13. भारत के 81वें शतरंज ग्रैंडमास्टर कौन बने?**
(1) कौस्तव चटर्जी (2) विग्नेश एन.आर.
**(3) सायंतन दास** (4) विशी आनंद [3]

**14. आयुष मंत्री ने किस शहर में पारंपरिक चिकित्सा पर एससीओ (SCO) के पहले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और एक्सपो का उद्घाटन किया?**
(1) पुणे (2) पलवल
**(3) गुवाहाटी** (4) शिलांग [3]

**15. नासा किस देश की पहली अंतरिक्ष दूरबीन अल्ट्रावायलेट ट्रान्सिएंट एस्ट्रोनॉमी सेटेलाइट (ULTRASAT) को उच्च-पृथ्वी कक्षा में लॉन्च करेगा?**
(1) जापान (2) दक्षिण कोरिया
(3) ईरान **(4) इज़राइल** [4]

**16. हाल ही में, निम्नलिखित में से कौनसे देश ऊर्जा, रक्षा और अर्थव्यवस्था सहित क्षेत्रों में त्रिपक्षीय सहयोग पहल के लिए सहमत हुए हैं?**
(1) भारत, सऊदी अरब और ऑस्ट्रेलिया
(2) भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान
**(3) भारत, फ्रांस और यूएई**
(4) भारत, रूस और चीन [3]

**17. भारत की अध्यक्षता में किस शहर में पहली G20 रोज़गार कार्य समूह की बैठक हुई?**
(1) उदयपुर (2) बीकानेर
**(3) जोधपुर** (4) जयपुर [3]

**18. निम्नलिखित में से कौन चुनाव के उद्देश्य से प्रत्येक नगरपालिका में विभाजित किए जाने वाले वार्डों की संख्या निर्धारित करता है?**
(1) राज्य के राज्यपाल (2) भारत के राष्ट्रपति
(3) केंद्र सरकार **(4) राज्य सरकार** [4]

**19. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की निम्नलिखित में से किस धारा के अन्तर्गत, अनुबंध, विनिमय, पट्टा, अनुदान आदि द्वारा नगरपालिका द्वारा सम्पत्ति के अर्जन का प्रावधान किया गया है?**
(1) धारा 44 **(2) धारा 69**
(3) धारा 15 (4) धारा 26 [2]

**20. अचल नगरपालिका संपत्ति की सूची और नक्शों की प्रतियाँ हर साल प्रत्येक नगरपालिका द्वारा निम्नलिखित में से किस कार्यालय में जमा की जानी चाहिए?**
**(1) स्थानीय निकायों के निदेशक**
(2) मुख्य नगरपालिका अधिकारी कार्यालय
(3) मुख्यमंत्री कार्यालय
(4) राज्यपाल कार्यालय [1]

**21. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन द्वारा विश्व बैंक के अध्यक्ष के रूप में किसे नामित किया गया था?**
(1) रितेश बग्गा **(2) अजय बंगा**
(3) रबी दुबे (4) राजेश मखीजा [2]

**22. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 5 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में नगरपालिका परिषद की स्थापना की जानी चाहिए?**
(1) संक्रमणकालीन क्षेत्र (2) प्रत्येक क्षेत्र
**(3) छोटे शहरी क्षेत्र** (4) बड़े शहरी क्षेत्र [3]

कलासेज उत्कर्ष

**23. नगरपालिका के आंतरिक राजस्व में निम्नलिखित स्रोत से प्राप्तियाँ शामिल नहीं होंगी?**

(1) नगरपालिका द्वारा लगाए गए शुल्क और जुर्माना
**(2) उत्पाद शुल्क**
(3) नगरपालिका द्वारा लगाए गए कर
(4) नगरपालिका द्वारा लगाए गए उपयोगकर्ता शुल्क [2]

**24. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अनुसार, राज्य सरकार योजना के संचालन में आने की कितनी अवधि के भीतर नगर नियोजन को संशोधित करने के लिए नगरपालिका को निर्देश दे सकती है?**

(1) 20 साल (2) 25 साल
**(3) 10 साल** (4) 15 साल [3]

**25. निम्नलिखित में से कौन राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अनुसार, नगरपालिकाओं की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करेगा?**

(1) मुख्य नगरपालिका अधिकारी
**(2) राज्य वित्त आयोग**
(3) राज्य के राज्यपाल
(4) केंद्रीय वित्त आयोग [2]

**26. जनहित में तत्काल आवश्यक कार्यों के लिए निम्नलिखित में से कौन नगरपालिका निधि से अस्थायी भुगतान निष्पादित कर सकता है?**

**(1) मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
(2) राज्य के राज्यपाल
(3) मुख्यमंत्री
(4) राज्य के वित्त मंत्री [1]

**27. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 311 के अंतर्गत नगरपालिका के नियंत्रण के लिए निम्नलिखित में से कौनसा प्रावधान प्रदान किया गया है?**

(1) आपात स्थिति के मामले में असाधारण शक्तियाँ।
(2) स्थापना के रोज़गार में फिज़ूलखर्ची को रोकने के लिए सरकार की शक्ति
**(3) नगरपालिका के कार्यालय का निरीक्षण करने की शक्ति।**
(4) नगरपालिका के आदेश आदि के निष्पादन को निलंबित करने की शक्तियाँ। [3]

**28. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अनुसार, नगरपालिका किसी भी अपराध के लिए अपराध होने के कितने समय के भीतर मुकदमा चला सकती है?**

**(1) 6 महीने** (2) 1 वर्ष
(3) 1 महीना (4) 3 महीने [1]

**29. राजस्थान नगरपालिका नियम, 1974 (सामान क्रय एवं अनुबंध) की धारा 3 के तहत किसी भी कार्य के सम्पादन पर होने वाले व्यय की राशि कितनी राशि से अधिक दर्ज नहीं की जायेगी जब तक कि राज्य सरकार द्वारा विधिवत निविदाएँ आमंत्रित नहीं की जाती हैं?**

**(1) ₹ 2,000** (2) इनमें से कोई नहीं
(3) ₹ 500 (4) ₹ 1,500 [2]

**30. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अनुसार, अनाधिकृत विकास या योजना के अनुरूप अन्यथा उपयोग करने पर क्या दण्ड (जुर्माना) है?**

(1) ₹ 10,000 (2) ₹ 25,000
(3) ₹ 2,000 **(4) ₹ 5,000** [4]

**31. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की किस धारा के अनुसार, मलजल और वर्षा जल लों के लिए भेद किया गया है?**

(1) धारा 111 **(2) धारा 204**
(3) धारा 56 (4) धारा 83 [2]

**32. राजस्थान नगरपालिका नियम, 1974 (सामान क्रय एवं अनुबंध) के अनुसार, नगर परिषद के एक आयुक्त के पास निम्नलिखित में से किस राशि तक स्वीकृति का अधिकार है?**

(1) 50 लाख (2) 100 लाख
**(3) 2 लाख** (4) 5 लाख [3]

**33. राजस्थान सामान्य वित्तीय लेखा नियम (सामान क्रय एवं अनुबंध) के निम्नलिखित में से किस परिशिष्ट में निविदाओं के प्रपत्र और निविदा की विभिन्न शर्तें निर्धारित की गई हैं?**

(1) परिशिष्ट XI (2) परिशिष्ट XVI
(3) परिशिष्ट V (4) परिशिष्ट X [*]

**34. राजस्थान नगरपालिका नियम, 1974 (सामान क्रय एवं अनुबंध) के अनुसार, 1 लाख तक के व्यय से निर्माण कार्य करवाने हेतु सामग्रियों के क्रय एवं निविदा आमंत्रित करने के लिए निम्नलिखित में से कौनसी समय सीमा होगी?**

(1) 2 सप्ताह (2) 1 महीना
(3) 1 दिन **(4) 1 सप्ताह** [4]

**35. राजस्थान नगरपालिका नियम, 1974 (सामान क्रय एवं अनुबंध) के अनुसार, नगर निगम के मामले में निगम के अलावा सबसे अधिक राशि स्वीकृत करने का प्राधिकार किसके पास है?**

(1) मेयर **(2) वित्त समिति**
(3) उप-आयुक्त (4) मुख्य कार्यकारी अधिकारी [2]

**36. नोटिस देने के बाद प्रत्येक सदस्य कितनी राशि का शुल्क देकर नगरपालिका कार्यालय में नगरपालिका के रिकॉर्ड का निरीक्षण कर सकता है?**

(1) ₹ 500 **(2) कोई शुल्क नहीं**
(3) ₹ 100 (4) ₹ 200 [2]

**37. राजस्थान नगरपालिका नियम, 2009 के अनुसार कार्यवाहियों के रखरखाव तथा रिकॉर्ड की अभिरक्षा के लिए कौन उत्तरदायी है?**

**(1) मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
(2) नगरपालिका के कोई भी एक सदस्य
(3) निदेशक
(4) उप-निदेशक [1]

**38. राजस्थान नगरपालिका नियम, 2009 (कार्य संचालन) के अनुसार, विशेष बैठक बुलाने के लिए कितने निर्वाचित सदस्यों को हस्ताक्षर करने की आवश्यकता है?**

(1) दो - तिहाई (3) एक - चौथाई
(2) आधे **(4) एक – तिहाई** [4]

**39. राजस्थान नगरपालिका नियम, 1974 (सामान क्रय एवं अनुबंध) के अनुसार, अनुमानित मूल्य ............ से अधिक नहीं होने पर माल की खरीद के लिए एकल निविदा प्रणाली नियुक्त की जाएगी।**

(1) ₹ 2,000 (2) ₹ 5,000
**(3) ₹ 1,000** (4) ₹ 1,500 [3]

**40. राजस्थान नगरपालिका नियम, 2009 की धारा 2 की परिभाषा के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन नगरपालिका शब्द में शामिल नहीं है?**
(1) नगर निगम **(2) राज्य परिषद**
(3) नगरपालिका परिषद (4) नगरपालिका बोर्ड **[2]**

**41. राजस्थान नगरपालिका नियमावली, 2009 की धारा 55 के अनुसार, एक नगरपालिका परिषद में कितनी समितियों का गठन किया जा सकता है?**
(1) आठ (2) दस
(3) चार **(4) छह** **[4]**

**42. राजस्थान नगरपालिका नियमावली, 2009 की धारा 55 के अनुसार, नगरपालिका के गठन के कितने दिनों के अन्दर विभिन्न समितियों का गठन किया जायेगा?**
(1) 30 दिनों **(2) 90 दिनों**
(3) 7 दिनों (4) 10 दिनों **[2]**

**43. राजस्थान नगरपालिका नियम, 2009 (समितियों की शक्तियाँ, कर्त्तव्य और कार्य) राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की किन धाराओं के तहत स्थापित किया गया है?**
**(1) 55, 61, 337**
(2) 36, 63, 347
(3) 51, 52, 357
(4) 41, 42, 352 **[1]**

**44. निम्नलिखित में से कौन किसी समिति का पदेन अध्यक्ष होता है जो उस समिति का सदस्य होता है?**
(1) मुख्य नगरपालिका अधिकारी
**(2) नगरपालिका के अध्यक्ष**
(3) मुख्यमंत्री
(4) नेता प्रतिपक्ष **[2]**

**45. यदि अध्यक्ष राजस्थान नगरपालिका अधिनियम (2009) की धारा 51 की उप-धारा (2) के अंतर्गत निर्दिष्ट समय के भीतर विशेष बैठक बुलाने में विफल रहता है, तो निम्नलिखित में से कौन ऐसी बैठक बुलाएगा?**
**(1) मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
(2) इनमें से कोई नहीं
(3) मुख्यमंत्री
(4) विपक्ष के नेता **[1]**

**46. राजस्थान नगरपालिका नियम, 2009 (समितियों की शक्तियाँ, कर्त्तव्य और कार्य) के अनुसार, वार्ड समिति के अन्य सदस्यों के लिए न्यूनतम आयु कितनी होनी चाहिए?**
**(1) 25 साल**
(2) 30 साल
(3) 21 साल
(4) 23 साल **[1]**

**47. निम्नलिखित में से किसकी अध्यक्षता में एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति (HPC) राज्य / केंद्रशासित प्रदेश स्तर पर SBM (शहरी) के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार होगी?**
(1) राज्य के राज्यपाल
(2) राज्य के मुख्य चुनाव आयुक्त
(3) राज्य के मुख्यमंत्री
**(4) राज्य के मुख्य सचिव** **[4]**

**48. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की किस धारा के तहत, अध्यक्ष का पद रिक्त होने और कोई उपाध्यक्ष न होने की स्थिति में नगरपालिका किसी सदस्य को शक्तियाँ सौंप सकती है?**
**(1) धारा 61** (2) धारा 337
(3) धारा 51 (4) धारा 57 **[1]**

**49. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अनुसार, नगरपालिका के साथ अनुबंध आदि में रुचि रखने वाले सदस्य, अधिकारी या कर्मचारी के लिए जुर्माना (शास्ति) कितनी राशि तक बढ़ सकता है?**
(1) ₹ 25,000 (2) ₹ 50,000
**(3) ₹ 5,000** (4) ₹ 10,000 **[3]**

**50. प्रधान मंत्री आवास योजना (शहरी) निम्नलिखित में से किस मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही है?**
(1) गृह मंत्रालय
**(2) आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय**
(3) वित्त मंत्रालय
(4) सड़क और परिवहन मंत्रालय **[2]**

**51. निम्नलिखित में से कौनसा वेब आधारित निगरानी प्रणाली का नाम है, जिसमें पीएम (PM) आवास योजना (शहरी) के तहत एकीकृत आवास पोर्टल भी है?**
(1) आवास (2) एमएचए (MHA)
**(3) सीएलएपी (CLAP)** (4) उमंग **[3]**

**52. एसबीएम-यू 2.0 सभी शहरों को ............ बनाने की कल्पना करता है।**
(1) कचरा मुक्त **(2) वेस्ट से बेस्ट**
(3) ग्रीन सिटी (4) नल के पानी से परिपूर्ण **[2]**

**53. इन्दिरा रसोई योजना की शुरुआत करते समय राजस्थान के मुख्यमंत्री का संकल्प निम्न में से कौनसा था?**
(1) हर घर चूल्हा (2) सोच के लिए भोजन
(3) हर घर अन्न **(4) कोई भूखा न सोए** **[4]**

**54. निम्नलिखित में से कौनसी योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के साथ विलय कर दी गई है?**
(1) खेलो भारत योजना
**(2) दीनदयाल अंत्योदय योजना**
(3) प्रधान मंत्री आवास योजना
(4) प्रधान मंत्री जन-धन योजना **[2]**

**55. इंदिरा गांधी अर्बन एम्प्लॉयमेंट गारंटी योजना शहरी क्षेत्रों के आर्थिक सहारे के लिए निम्नलिखित में से किस योजना के अनुरूप शुरू की गई थी?**
(1) DAY (2) RGJAY
**(3) MNREGA** (4) PMJAY **[3]**

**56. इंदिरा गांधी अर्बन क्रेडिट कार्ड योजना के तहत शहरी क्षेत्रों के सड़क विक्रेता, असंगठित सेवा क्षेत्र के युवाओं और बेरोजगारों को 2021-22 के बजट के अनुसार कितनी राशि का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है?**
**(1) ₹ 50,000**
(2) ₹ 1,00,000
(3) ₹ 10,000
(4) ₹ 25,000 **[1]**

कलासंग उत्कर्ष

**57. निम्नलिखित में से कौनसा अमृत योजना का प्राथमिकता क्षेत्र है?**
(1) ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाली का विकास करना
(2) इनमें से कोई नहीं
**(3) शहरी क्षेत्र में हर घर में नल से पानी का कनेक्शन**
(4) राजमार्गों पर प्रदूषण में कमी करना **[3]**

**58. निम्न में से कौनसा एक राष्ट्रीय शहरी विकास योजना HRIDAY का सही पूर्ण रूप है?**
(1) हेरिटेज ऑफ़ इंडिया, डिज़ाइन्ड विथ ऑग्मेंट रियलिटी योजना
(2) हेरिटेज हार्ट डेवलपमेंट योजना
(3) **हेरिटेज सीटी डेवलपमेंट एंड ऑग्मेंटेशन योजना**
(4) हेरिटेज ऑफ़ इंडिया, डेवलप्ड अंडर आवास योजना **[3]**

**59. सीकर जिले के नीम का थाना में कांतली नदी के उद्गम पर खोजा गया ताम्र संस्कृति का महत्त्वपूर्ण स्थल कौनसा है?**
(1) आहड़ (2) कालीबंगा
(3) गिलुंड **(4) गणेश्वर** **[4]**

**60. चित्तौड़ के आस-पास के क्षेत्र को ............... के जनपद के रूप में जाना जाता था।**
**(1) शिवि** (2) मालव
(3) बैराठ (4) अवंति **[1]**

**61. गुहिल वंश में किसने कैलाशपुरी में एकलिंगजी (लकुलीश) का मंदिर बनवाया था?**
**(1) बप्पा रावल** (2) महाराणा कुम्भा
(3) राणा हम्मीर (4) रतन सिंह **[1]**

**62. निम्नलिखित राठौड़ वंश के राजाओं में से किसने साहस और कूटनीति के माध्यम से, मंडोर पर कब्जा कर लिया और उसे अपनी राजधानी बनाया?**
(1) राव मालदेव (2) राव चंद्रसेन
(3) राणा हम्मीर **(4) राव चुंडा** **[4]**

**63. निम्नलिखित में से कौन मत्स्य की राजधानी थी, जिसका उल्लेख महाभारत में एक राज्य के रूप में किया गया है, जो जयपुर, अलवर और भरतपुर के कुछ हिस्सों तक फैला हुआ था?**
(1) हस्तिनापुर (2) काम्पिल्य
**(3) विराटनगर** (4) कुरुक्षेत्र **[3]**

**64. 1870 में, ............. ने बूँदी में जयपुर और इंद्रगढ़ से एक पुरापाषाण हाथ-कुल्हाड़ी (hand-axe) की खोज की।**
(1) ए.जी. जॉन्स **(2) सी.ए. हैकेट**
(3) वी.एन. मिश्रा (4) आर.सी. अग्रवाल **[2]**

**65. राजस्थान में विवाह से पहले दूल्हे को रिश्तेदारों द्वारा आमंत्रित किया जाता है और लौटते समय ............... से संबंधित गीत गाया जाता है।**
(1) घोड़ी (2) जाला
(3) बन्ना-बन्नी **(4) बिंदोला** **[4]**

**66. राजस्थान में मचर, बिछियों और लालार से क्या तात्पर्य है?**
**(1) लोक गीत** (2) संगीत वाद्ययंत्र
(3) लोक नृत्य (4) लोक नाटक **[1]**

**67. डॉ. ग्रियर्सन ने अपनी पुस्तक "लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया" में राजस्थानी बोलियों को ................ मुख्य समूहों में विभाजित किया है।**
(1) सात (2) नौ
(3) तीन **(4) पाँच** **[4]**

**68. निम्नलिखित में से किस प्रकार के काव्य ग्रंथों में हमें एक राजा की महानता, उसकी विजयों, युद्धों, शौर्य का वर्णन मिलता है?**
(1) विगत (2) वेली
(3) मरस्य **(4) रासो** **[4]**

**69. निरंजनी संप्रदाय की स्थापना किसने की?**
(1) मावजी (2) पीपा
(3) लालदास **(4) हरिदास** **[4]**

**70. स्थान, स्थापत्य और उपयोगिता के आधार पर किस प्रकार के दुर्ग, जल से घिरे हुए हैं?**
(1) ऐरण दुर्ग (2) सैन्य दुर्ग
(3) गिरि दुर्ग **(4) औदुक दुर्ग** **[4]**

**71. आभानेरी में स्थित हर्षदमाता मंदिर किस शैली में बना है?**
**(1) गुर्जर-प्रतिहार** (2) खंबों
(3) पंचायतन (4) किरत कूप **[1]**

**72. राजस्थान में स्त्रियों द्वारा गले में पहने जाने वाले आभूषण को ................. कहा जाता है।**
**(1) तिमणियां** (2) बोगली
(3) कर्णफूल (4) मोकड़ी [1]

**73. अल्लाह जिलाई बाई की लोकप्रियता का कारण क्या है?**
(1) कुर्जा गायन (2) रावण हत्था
**(3) मांड गायन** (4) लोक नृत्य [3]

**74. 23 नवंबर, 1931 को किसने भरतपुर में व्यापक किसान विरोध का आयोजन किया और जिसके कारण उनकी गिरफ्तारी से लघु किसान आंदोलन समाप्त हुआ?**
(1) कुंभाराम आर्य (2) जयनारायण व्यास
(3) नाथूराम शर्मा **(4) भोजी लंबरदार** [4]

**75. दरगाह जिसे अब्दुल्ला पीर के नाम से जाना जाता है, बोहरा मुस्लिम संत अब्दुल रसूल का लोकप्रिय मकबरा किस शहर में स्थित है?**
(1) झालावाड़ **(2) बाँसवाड़ा**
(3) अलवर (4) बाड़मेर [2]

**76. निम्नलिखित में से किस संत को 'राजस्थान का कबीर' कहा जाता है?**
(1) जांभोजी **(2) दादूदयाल**
(3) जसनाथजी (4) मीराबाई [2]

**77. गणगौर के अवसर पर होली की राख से बने केक (पिंडिया) की ................ के अंकुरों के साथ पूजा की जाती है-**
**(1) जौ** (2) मकई
(3) चावल (4) बाजरा [1]

**78. भील और गरासिया स्थानीय जनजातियाँ हैं जो मध्य माही-छप्पन बेसिन में स्थानांतरित खेती का व्यवसाय करती हैं, उन्हें ................. के रूप में जाना जाता है।**
**(1) वालरा** (2) झामरी
(3) हाड़ौती (4) वागड़ [1]

**79. राजस्थान की निम्नलिखित में से कौन सी नदी सतह के थोड़े से बहाव के बाद रेत में गायब हो जाती है?**
(1) लूनी **(2) काकनी**
(3) बनास (4) काली [2]

**80. निम्नलिखित में से कौन सी नदी अरब सागर में गिरती है?**
(1) बाणगंगा **(2) माही**
(3) चंबल (4) बनास [2]

**81. पश्चिम की तुलना में पूर्वी राजस्थान में जलवायु चरम सीमाएँ .................. हैं।**
(1) समान (2) अप्रत्याशित
**(3) निम्नतर** (4) उच्चतर **[3]**

एकलव्य पब्लिकेशन उदयपुर

**82. मेवाड़ प्रजा मंडल की स्थापना ............... द्वारा की गई थी।**
(1) जमनालाल बजाज (2) पं. नैनूराम शर्मा
(3) अभिन्न हरि **(4) माणिक्य लाल वर्मा** [4]

**83. भू-आकृति की दृष्टि से राजस्थान को कितने उपक्षेत्रों में बाँटा जा सकता है ?**
**(1) 12** (2) 11
(3) 14 (4) 13 [1]

**84. निम्न में से किस प्रकार के वन राजस्थान में बहुत बड़े क्षेत्र में पाए जाते हैं ?**
(1) खेर (2) बबूल
**(3) धोकड़ा** (4) प्लास [3]

**85. लैटेराइट प्रकार की मिट्टी ........................ में पाई जाती है।**
(1) करौली **(2) डूंगरपुर**
(3) चूरू (4) जोधपुर [2]

**86. राजस्थान की निम्नलिखित में से किस परियोजना को मरुगंगा के नाम से भी जाना जाता है ?**
(1) नर्मदा नहर परियोजना
(2) महात्मा गांधी नहर परियोजना
(3) माही बजाज सागर परियोजना
**(4) इंदिरा गांधी नहर परियोजना** [4]

**87. राजस्थान में नहर सिंचाई में किस जिले का प्रथम स्थान है ?**
(1) उदयपुर (2) भीलवाड़ा
(3) राजसमंद **(4) श्रीगंगानगर** [4]

**88. सर्दियों में, भू-मध्य सागर में चक्रवातों के कारण, राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी भाग में वर्षा होती है, जिसे ______ कहा जाता है।**
**(1) मावट** (2) रब्शा
(3) माघा (4) वृष [1]

**89. निम्नलिखित में से किसे उष्णकटिबंधीय कँटीले जंगलों में स्थापित रेगिस्तान में अपनी जबरदस्त उपयोगिता के कारण रेगिस्तान का कल्प वृक्ष कहा जाता है ?**
(1) थोर (2) केर
**(3) खेजड़ी / खेजरी** (4) रोहिड़ा [3]

**90. 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान का लिंग अनुपात ______ है।**
(1) 829 (2) इनमें से कोई नहीं
**(3) 928** (4) 789 [3]

**91. राजस्थान का कौन सा जिला बंधेज साड़ियों के लिए प्रसिद्ध है ?**
(1) शाहपुर (2) उदयपुर
**(3) जोधपुर** (4) कोटा [3]

**92. गमधर का जैव विविधता पार्क राज्य के किस जिले में स्थित है ?**
(1) सीकर **(2) उदयपुर**
(3) चूरू (4) करौली [2]

**93. राजस्थान के किस जिले में शुष्क प्रकार की जलवायु पायी जाती है ?**
(1) सिरोही **(2) बीकानेर**
(3) सवाई माधोपुर (4) राजसमंद [2]

**94. निम्नलिखित में से कौन सी राजस्थान की जनजाति नहीं है?**
(1) मीणा (2) डामोर
(3) भील **(4) खटिक** [4]

**95. झुंझुनूं का खेतड़ी - सिंघाना किस खनिज / धातु का उत्पादक है?**
(1) अभ्रक (2) जिप्सम
(3) कोयला **(4) ताँबा** [4]

**96. राजस्थान में पहला सीमेंट उद्योग 1916 में ______ स्थापित किया गया था-**
**(1) लखेरी** (2) पैंटाल
(3) गोटन (4) खारिया खंगार [1]

**97. 1947 में विभाजन के बाद संविधान सभा में लगभग कितने सदस्य थे ?**
**(1) 299** (2) 500
(3) 100 (4) 200 [1]

**98. मौलिक कर्त्तव्यों की विशेषता निम्नलिखित में से किस देश से उधार ली गई है ?**
(1) फ्रांस (2) यूके
(3) यूएसए **(4) रूस** [4]

**99. भारतीय संविधान के अनुसार, मौलिक अधिकार निम्नलिखित में से किस भाग में प्रदान किए गए हैं?**
**(1) भाग 3** (2) भाग 4 ए
(3) भाग 1 (4) भाग 2 [1]

**100. "भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखने और उसकी रक्षा करने के लिए;" का प्रावधान निम्नलिखित में से किसमें किया गया है ?**
(1) संविधान की प्रस्तावना
(2) राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत
**(3) मौलिक कर्त्तव्य**
(4) मौलिक अधिकार [3]

**101. बीकानेर के पलाना में ______ के निक्षेप हैं।**
(1) ग्रेफाइट (2) लिथियम
**(3) कोयला (लिग्नाइट)** (4) यूरेनियम [3]

**102. निम्नलिखित में से कौन सा जिला राज्य के कुल उत्पादन का 30% कपास का उत्पादन करता है ?**
(1) टोंक (2) पाली
**(3) हनुमानगढ़** (4) बूंदी [3]

**103. राज्य सभा में सीट के मामले में चुने जाने वाले व्यक्ति की न्यूनतम आयु क्या है ?**
**(1) 30** (2) 38
(3) 21 (4) 25 [1]

**104. नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का वेतन और सेवा की अन्य शर्तें ऐसी होंगी, जो निम्नलिखित में से किसके द्वारा निर्धारित की जा सकती हैं ?**
**(1) संसद** (2) राज्यपाल
(3) राष्ट्रपति (4) राज्य सरकार [1]

**105. भारत में नीति आयोग की स्थापना कब हुई थी ?**
(1) 2017 (2) 2019
(3) 2014 **(4) 2015** [4]

**106. निम्नलिखित में से कौन भारत के पहले लोकपाल बने ?**
(1) डी. के. जैन (2) डॉ. आई.पी. गौतम
**(3) पी.सी. घोष** (4) पी. के. मोहंती [3]

**107. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के तहत राज्य नीति के निदेशक सिद्धांतों के तहत नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता प्रदान की गई है ?**
**(1) अनुच्छेद 44**
(2) अनुच्छेद 78
(3) अनुच्छेद 14
(4) अनुच्छेद 31 [1]

**108. सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनने के लिए न्यायाधीश को न्यूनतम कितने समय के लिए उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में अनुभव होना चाहिए ?**
(1) 20 साल (2) 30 साल
**(3) 5 साल** (4) 10 साल [3]

**109. राजस्थान में लोकसभा की कुल कितनी सीटें हैं ?**
**(1) 25** (2) इनमें से कोई नहीं
(3) 21 (4) 13 **[1]**

**110. निम्नलिखित में से कौन सा नीति निर्माण का अनौपचारिक माध्यम है ?**
(1) न्यायतंत्र (2) संसदीय मंत्रिमंडल
(3) सिविल सेवक **(4) नागरिक** **[4]**

**111. निम्नलिखित में से कौन सा दस्तावेज सूचना, विकल्प, परामर्श और सेवाओं के मानक आदि के संबंध में अपने नागरिकों के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक व्यवस्थित प्रयास का प्रतिनिधित्व करता है ?**
(1) नागरिक डैशबोर्ड (2) सिटीजन यूनिवर्स
**(3) नागरिक अधिकार-पत्र** (4) नागरिक गैलेक्सी **[3]**

**112. राजस्थान में सर्वप्रथम पंचायती राज व्यवस्था कहाँ लागू की गई थी ?**
(1) चंबल (2) नागपुर
(3) बलिया **(4) नागौर** **[4]**

**113. आरटीआई 2005 में उल्लिखित मामलों पर निम्नलिखित में से कौन सा अपीलीय प्राधिकरण है ?**
(1) आरएसबीबी (RSBB) (2) आरएसटीसी (RSTC)
(3) आरपीएससी (RPSC) **(4) आरआईसी (RIC)** **[4]**

**114. राजस्थान राज्य विधान सभा में कितने सदस्य हैं ?**
(1) 148 **(2) 200**
(3) 100 (4) 120 **[2]**

**115. निम्नलिखित में से कौन राजस्थान विधान सभा की पहली महिला मंत्री बनीं ?**
(1) यशोदा देवी (2) मेनका गांधी
(3) वसुंधरा राजे **(4) कमला बेनीवाल** **[4]**

**116. राज्य लोक सेवा आयोग के कर्मचारियों और सदस्यों की सेवा शर्तों को विनियमित करने की शक्ति संविधान के किस अनुच्छेद में वर्णित है ?**
(1) अनुच्छेद 400 (2) अनुच्छेद 523 सी
(3) अनुच्छेद 240 **(4) अनुच्छेद 318** **[4]**

**117. राजस्थान अपने नागरिकों के लिए "दृष्टि का अधिकार" सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अंधापन नियंत्रण के लिए नीति लागू करने वाला भारत का ................... राज्य बन गया है।**
(1) दूसरा (2) नौवाँ
(3) तीसरा **(4) पहला** **[4]**

**118. राजस्थान राज्य सरकार ने हाल ही में डब्ल्यूईएससीई (WESCE) योजना की घोषणा की, ................ को इस परियोजना को आठ साल की अवधि के लिए वित्तपोषित करना है ।**
(1) स्पेनिश सरकार **(2) फ्रांसीसी सरकार**
(3) जर्मन सरकार (4) ब्रिटिश सरकार **[2]**

**119. राजस्थान लोक सेवाओं की गारंटी अधिनियम कब लागू किया गया था ?**
(1) 2014 (2) 2017
(3) 2005 **(4) 2011** **[4]**

**120. राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्यों का एकल कार्यकाल कितना होता है ?**
(1) 5 साल या 65 साल की उम्र
(2) 6 साल या 65 साल की उम्र
(3) 5 साल या 62 साल की उम्र
**(4) 6 साल या 62 साल की उम्र** **[4 ]**

